भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

परिपत्र संख्या : 58/2022

दिनाँक : 05 अप्रैल, 2022

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

विषयः सी स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन हेतु बेसिक कोर्स।

महोदय/महोदया,

आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि सी स्काउट/गाइड संगठन में सी स्काउट/गाइड को बढ़ावा देने के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की सहायक इकाई के रूप में संबंद्ध है। सी स्काउट मास्टर्स एवं गाइड कैप्टन के लिए बेसिक कोर्स ओशन कैडेट ऐकेडमिक पुणे, महाराष्ट्र में 02 से 08 मई, 2022 तक आयोजित किया जाएगा। विवरण इस प्रकार हैः कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार हैः

कार्यक्रम का नाम	:	**सी स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन हेतु बेसिक कोर्स**
दिनाँक	:	**02 से 08 मई, 2022**
स्थान	:	ओशन कैडेट अकादमी, दादामहाराज नाटेकर वनप्रस्थ वृद्धाश्रम के निकट सोनावन वस्ति मोरे वस्ती रोड, चिखली, पुणे–411062 महाराष्ट्र राज्य
आगमन की तिथि	:	01 मई, 2022 सायं तक
प्रस्थान तिथि	:	08 मई, 2022 दोपहर (तदनुसार)
कैसे पहुँचें	:	ओशन कैडेट अकादमी शिविर स्थल पुणे हवाई अड्डे से लगभग 25 किलोमीटर दूर है। निकटतम रेलवे स्टेशन पुणे और लोनावाला है। इन स्टेशनों पर उतरें और चिंचवड़ रेलवे स्टेशन के लिए लोकल ट्रेन लें। चिंचवड़ रेलवे स्टेशन से चिखली बस स्टॉप तक ऑटो एवं बसें उपलब्ध हैं। चिखली बस स्टॉप से शिविर स्थल पैदल दूरी पर है।
कोर्स शुल्क	:	पंजीकरण के दौरान प्रतिभागी द्वारा ओशन कैडेट अकादमी को रूपये 3500/–प्रति व्यक्ति भुगतान किया जाना है। शिविर शुल्क में बोर्डिंग, लॉजिंग, प्रशिक्षण सामग्री, जल गतिविधियाँ आदि सम्मिलित हैं।
योग्यता	:	– एक व्यक्ति जिसने 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, वह सी स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन के रूप में नियुक्ति के पात्र हैं। – एक व्यक्ति जिसने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, वह सहायक सी स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन के रूप में नियुक्ति के पात्र हैं। – उसके पास इंटरमीडिएट (10+2) या समकक्ष प्रमाण पत्र होना चाहिए। तथापि, असाधारण मामलों में संबंधित प्रभारी सहायक जिला आयुक्त/जिला आयुक्त और जिला मुख्य आयुक्त की सिफारिश पर राज्य मुख्य आयुक्त द्वारा शैक्षिक योग्यता में छूट दी जा सकती है। – वह अच्छे चरित्र, आचरण एवं पूर्ववृत्त का व्यक्ति होना चाहिए। – उसे स्काउट आन्दोलन एवं उसके विधियों का ज्ञान होना चाहिए, विशेष रूप से इसके धार्मिक और नैतिक आधार की सराहना और अपने कार्य निर्वहन के लिए ए.पी.आर.ओ. का। – उसे युवा लड़कों के साथ कार्य करने के लिए विशेष योग्यता वाला व्यक्ति होना चाहिए। – उसने नेशनल एसोसिएशन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण की अवधि संतोषजनक ढंग से पूरी की हो।
क्या लाएं	:	एपीआरओ भाग–2 एवं 3 के अनुसार वर्दी, व्यक्तिगत कपड़े, व्यक्तिगत दवाएं एवं चप्पल, व्यक्तिगत प्रसाधन, लेखन सामग्री, नोट बुक, खाने के बर्तन, रस्सी, टार्च, अतिरिक्त मास्क, हैंड सैनिटाइजर, ट्रैक सूट, स्विमिंग सूट आदि। **नोटः 18 वर्ष से आधिक आयु के प्रतिभागियों का कोविड टीकाकरण किया हुआ होना चाहिए एवं पंजीकरण के दौरान सरकार द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, यह अनिवार्य है। टीकाकरण प्रमाण पत्र या आरटीपीसीआर परीक्षण रिपोर्ट के बिना, प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।**

आवेदन की अंतिम तिथि	:	राज्य संघ द्वारा सी स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन बेसिक कोर्स में प्रवेश हेतु इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों के विधिवत अनुशंषित (आवेदन पत्र संलग्न) आवेदन 25/04/2022 को या उससे पूर्व भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली में पहुँच जाना चाहिए।

राज्य संघों से अनुरोध है कि वे पाठ्यक्रम के बाद सी स्काउट्स/गाइड्स यूनिट खोलने के लिए प्रतिबद्ध योग्य और इच्छुक यूनिट लीडर के आवेदन की सिफारिश करें और अपने आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा (संलग्न) में राष्ट्रीय मुख्यालय, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, नई दिल्ली को 15/04/2022 तक भेजें।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(कृष्णास्वामी आर.)
कार्यवाहक निदेशक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016।**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309।**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब जिला संघ आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन सहित।